स्थापना : 1951

☎ 01580 [illegible]
Email- gbcdidwana1@gmail.com

# कार्यालय प्राचार्य, राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना

## अखिल राजस्थान सेठ नारायण दास बाँगड़ स्मृति अन्तरमहाविद्यालय हिन्दी वाद–विवाद प्रतियोगिता, 2019–20

### :: प्रतियोगिता प्रतिवेदन ::

नारायणदास बाँगड़ चेरिटेबल ट्रस्ट, कोलकाता के आर्थिक सौजन्य से राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना की प्रतिष्ठित साहित्यिक गतिविधि "सेठ नारायण दास बाँगड़ स्मृति अखिल राजस्थान अन्तरमहाविद्यालय हिन्दी वाद–विवाद प्रतियोगिता, 2019–20" का सफल आयोजन दिनांक 18 दिसम्बर, 2019 को सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में प्रदेश के 27 महाविद्यालयों के 50 प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता विषय के पक्ष एवं विपक्ष में अपने तार्किक विचार रखे। प्रतियोगिता का विस्तृत प्रतिवेदन निम्नानुसार है–

1. आयोजन स्थल – महाविद्यालय प्राँगण
2. आयोजन तिथि – 18 दिसम्बर, 2019 पूर्वाह्न 10:15 बजे से
3. प्रतियोगिता का विषय – इस सदन की सम्मति में – "विज्ञान एवं तकनीकी विकास से ही मानवीय जीवन सुखद हुआ है"
4. मंच को सुशोभित करने वाले महानुभाव

- मुख्य अतिथि : प्रो. गंगाराम जाखड़, पूर्व कुलपति
  महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर
- कार्यक्रम अध्यक्ष : प्रो. सी.एस. डोटासरा, प्राचार्य,
  राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना
- विशिष्ट अतिथि : श्रीमती रचना होलानी, अध्यक्ष,
  नगरपालिका मण्डल, डीडवाना
- स्वागताध्यक्ष : श्रीमान श्रीगोपाल बगड़िया, प्रतिनिधि
  नारायणदास बाँगड़ चेरीटेबल ट्रस्ट, कोलकाता
- प्रतियोगिता समन्वयक : डॉ. जहाँगीर रहमान कुरैशी, एसोसिएट प्रोफेसर
  राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना
- प्रतियोगिता संयोजक : डॉ. अरूण व्यास, एसोसिएट प्रोफेसर
  राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना
- छात्रसंघ अध्यक्ष : सुश्री गरिमा नरूका, छात्रसंघ 2019–20

Scanned with CamScanner

5. प्रतियोगिता निर्णायक मंडल

- श्रीमान राकेश मुथा, सेवानिवृत सहायक अभियंता (पी.एच.ई.डी.)
- डॉ. नीलम उपाध्याय, उपकुल सचिव
  हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जन संचार विश्वविद्यालय, जयपुर।
- तसनीम खान, मुख्य उपसंपादक
  राजस्थान पत्रिका, जयपुर।

6. प्रतियोगिता आयोजन एवं समन्वय समिति

| | | |
|---|---|---|
| ❖ समन्वयक | : | डॉ. जहाँगीर रहमान कुरैशी<br>अध्यक्ष – वनस्पति विज्ञान विभाग |
| ❖ सह–समन्वयक | : | डॉ. मनीषा गोदारा<br>अध्यक्ष – संस्कृत विभाग |
| ❖ संयोजक | : | डॉ. अरुण व्यास<br>अध्यक्ष – भूविज्ञान विभाग |
| ❖ प्रभारी | : | श्री हबीब खान<br>अध्यक्ष – स्नातकोत्तर हिंदी विभाग |
| ❖ सदस्य | : | श्री अनिल कुमार<br>व्याख्याता – भौतिक विज्ञान |
| ❖ सदस्य | : | डॉ. अतुल गर्ग<br>व्याख्याता – गणित विभाग |
| ❖ सदस्य | : | श्री श्रीगोपाल बगड़िया, प्रतिनिधि<br>नारायणदास बाँगड़ चेरीटेबल ट्रस्ट, कोलकाता |

7. प्रतियोगिता सूचना पत्र प्रेषण :
राजस्थान राज्य में स्थित 250 से अधिक राजकीय एवं गैर राजकीय महाविद्यालयों को प्रतियोगिता सूचनापत्र डाक/कुरियर सेवा/ई–मेल द्वारा प्रेषित किए गये। *''प्रतियोगिता फोल्डर'' की नमूनार्थ प्रति संलग्न है।*

8. सहभागी महाविद्यालय :
प्रतियोगिता में कुल 27 महाविद्यालयों से 50 प्रतियोगियों ने प्रतिनिधित्व किया। *''प्रतियोगिता में सहभागी महाविद्यालय एवं प्रतिभागियों की सूची'' संलग्न है।*

9. प्रतियोगिता का परिणाम : राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय के दल निहारिका राठौड़ एवं कनिका रामावत ने टीम चैम्पियनशिप जीती।

चलविजयोपहार विजेता : किंतु आयोजक होने के कारण दूसरे स्थान पर रहें दल को चलविजयोपहार श्रीमती मोहरीदेवी तापड़िया कन्या महाविद्यालय, जसवंतगढ़ को दी गई

वक्ता प्रतिभागी : सुश्री प्रतिभा कुमारी एवं वर्षा कंवर

Scanned with CamScanner

10. वैयक्तिक पुरस्कार नकद

| | | |
|---|---|---|
| 11000 रू. प्रथम स्थान | : | सुश्री निहारिका राठौड़<br>राजकीय बांगड़ महाविद्यालय, डीडवाना |
| 7500 रू. द्वितीय स्थान | : | सुश्री प्रतिमा कुमारी<br>श्रीमती मोहरीदेवी तापड़िया कन्या महाविद्यालय, जसवंतगढ़ |
| 5100 रू. तृतीय स्थान | : | कार्तिकेय पारीक<br>राजकीय महाविद्यालय, रतनगढ़ |
| 1100 रू. प्रोत्साहन पुरस्कार | : | कनिका रामावत<br>राज. बांगड़ महाविद्यालय, डीडवाना |
| 1100 रू. प्रोत्साहन पुरस्कार | : | वर्षा कंवर<br>मोहरीदेवी तापड़िया कन्या महाविद्यालय, जसवंतगढ़ |
| 1100 रू. प्रोत्साहन पुरस्कार | : | विद्या भाटी<br>राजकीय विधि महाविद्यालय, बीकानेर |
| 1100 रू. प्रोत्साहन पुरस्कार | : | रमेश विश्नाई<br>टैगोर कॉलेज कुचामन |
| 1100 रू. प्रोत्साहन पुरस्कार | : | पायल शर्मा<br>बांगड़ महिला महाविद्यालय, डीडवाना |

**11. सहभागियों को प्लास्टिक फोल्डर, प्रमाणपत्र एवं प्रतीक चिह्न :**

सम्पन्न प्रतियोगिता के नाम एवं सेठ नारायणदासजी बाँगड़ की फोटो सहित प्लास्टिक फोल्डर, स्लिपपेड एवं सहभागिता प्रमाणपत्र मुद्रित करवाए गए। प्रतियोगिता में पधारे समस्त अतिथियों, निर्णायकों, प्रतिभागियों, दल प्रभारियों, नगर के गणमान्य सक्रिय साहित्यप्रेमियों, महाविद्यालयी संकाय सदस्यों, सह–शैक्षणिक कर्मियों तथा मीडियाकर्मियों सहित चुनिंदा स्वयंसेवकों को प्रतियोगिता स्लिप पेड, प्लास्टिक फोल्डर, बॉलपेन भेंट किया गया तथा प्रतियोगिता उपरांत प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिह्न प्रदान किये गए।

**12. मंचासीन अतिथिगण का सम्मान**

समारोह में मंचासीन अतिथियों एवं निर्णायकों का माल्यार्पण, साफा, प्रतीकचिह्न, मानेदय, आने जाने का टैक्सी यात्रा भत्ता भेंट कर सम्मान किया गया। सभी अतिथियों को प्रतियोगिता संपन्न होने के बाद आभारपत्र सहित यादगार स्वरूप कतिपय फोटोस्नेप्स भी भेजे गए हैं।

**13. समारोह दृश्यावलोकन**

समारोह अत्यन्त शालीनता एवं गरिमामय ढंग से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की विडियोग्राफी तथा फोटोग्राफी कराई गई। दृश्यावलोकनार्थ चुनिंदा फोटो स्नेप्स तथा कार्यक्रम की विडियोग्राफी डी.वी.डी. संलग्न है।

Scanned with CamScanner

**14. जनसूचनार्थ प्रेस विज्ञप्ति**

सम्पन्न प्रतियोगिता के आयोजन की पूर्व जानकारी एवं आयोजन उपरान्त जनसूचनार्थ प्रेस नोट के माध्यम से राज्य एवं स्थानीय समाचार पत्रों में विषयवस्तु समाचार प्रकाशित हुये। अखबारों की कतरनों की फोटो प्रतियां संलग्न है।

**16. अतिथिगण एवं प्रतिभागियों की आवास–प्रवास एवं भोजन व्यवस्था–**

आमन्त्रित अतिथियों एवं प्रतिभागियों के लिये आवास–प्रवास एवं भोजन की व्यवस्था हेतु स्थानीय खाण्डल विप्र भवन, डीडवाना में व्यवस्था की गई। प्रतियोगिता दिवस पर अतिथियों, निर्णायकों, प्रतिभागियों, संपूर्ण महाविद्यालय स्टाफ सहित नगर के गणमान्य नागरिकों के लिए जलपान एवं भोजन की उत्तम व्यवस्था महाविद्यालय प्रांगण में की गई।

**17. अतिथिगण का प्रतियोगिता कार्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में अभिमत–**

सम्पन्न प्रतियोगिता की व्यवस्थाओं, संचालन, प्रस्तावित विषय एवं समारोह को मुख्य अतिथि, कार्यक्रम अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि, निर्णायकगण, दल प्रभारियों, प्रतिभागियों, मीडियाकर्मियों तथा नगर के साहित्यप्रेमी नागरिकों सहित अन्य उपस्थित महानुभावों द्वारा सराहने के साथ उल्लेखनीय बताया गया। नगर के प्रबुद्धजनों, अभिभावकों तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति उत्साहवर्धक रही।

समारोह का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं पुण्यात्मा सेठ नारायणदासजी बाँगड़ के पुण्य स्मरण के साथ हुआ। स्वागताध्यक्ष श्रीमान श्रीगोपाल बगड़िया ने बाबू वेणुगोपालजी बाँगड़ का भावभरा संदेश पढ़कर सुनाया तो पांडाल से तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सबने बाबू के प्रति कृतज्ञता जाहिर की। प्राचार्य एवं संरक्षक प्रो. सी.एस. डोटासरा ने प्रतियोगिता शुभारंभ की घोषणा करते हुए कहा कि बाँगड़ परिवार के उदारमना सहयोग से बने इस महाविद्यालय ने देश समाज को अनेक हीरे तराश कर दिए है तथा वह प्रक्रिया अब भी जारी है। प्रतियोगिता समन्वयक डॉ. जहाँगीर रहामान कुरैशी ने उदारमना दानवीरों को नमन करते हुए प्रतियोगिता की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला तथा बताया कि इस प्रतियोगिता ने अनेक प्रखर वक्ताओं को तैयार किया है, जो समाज का मार्गदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिता संयोजक डॉ. अरूण व्यास ने प्रतियोगिता नियमों की घोषणा, कार्यक्रम संचालन किया। प्रतियोगिता प्रभारी श्री हबीब खान मंचासीन अतिथियों के परिचय का दायित्व निर्वाहित किया। सहसमन्वयक डॉ. मनीषा गोदारा द्वारा आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

| (श्री हबीब खान) | (डॉ. अरूण व्यास) | (डॉ. जहाँगीर कुरैशी) | (डॉ. सी.एस. डोटासरा) |
|---|---|---|---|
| प्रतियोगिता प्रभारी | प्रतियोगिता संयोजक | प्रतियोगिता समन्वयक | प्राचार्य एवं संरक्षक |

o/c

Scanned with CamScanner